
हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 दिसंबर 2025

06 विवेक जैन-नेहा जैन को मिली मुनिश्री की पुरानी...



07 सैनिकों के कारण ही आज हमारा देश सुरक्षित है: सुधासागर





## समाचार संक्षेप

### ग्राम सनोतिया में हुआ जिला स्तरीय सत्संग

**गुना।** रविवार को संत रामपाल महाराज के पवित्र विचारों पर आधारित एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम गुना जिले के तहसील राघोगढ़ के ग्राम सनोतिया में दोपहर 12 बजे से हुआ आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और एलईडी टीवी पर संत रामपाल जी महाराज के ज्ञानपूर्ण वचनों को सुनकर गहराई से प्रभावित हुए। सत्संग में बताया गया कि सच्चा धर्म वही है जो हर इंसान को सुरक्षा, सम्मान और समानता प्रदान करे। संत रामपाल जी महाराज ने वेद, गीता, पुराण, बाइबल और गुरु ग्रंथ साहिब के प्रमाणों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि परमात्मा कबीर साहिब हैं और पूर्ण गुरु से नाम दीक्षा लेकर ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। उनके वचनों ने भक्तों के भीतर आध्यात्मिक जागरण के साथ-साथ सामाजिक सुधार की प्रेरणा भी जगाई। श्रद्धालुओं ने सत्संग के पश्चात नशा, दहेज और पाखंड जैसी बुराइयों से दूर रहने रहने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में संत रामपाल जी महाराज द्वारा चलाई जा रही अन्नपूर्णा मुहिम की जानकारी भी साझा की गई, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन और राहत उपलब्ध करवाई जाती है। यह आयोजन न केवल धार्मिक प्रवचन का माध्यम रहा, बल्कि मानवता, सामाजिक जागरूकता और सत्संग की पवित्र ऊर्जा से भरा एक प्रेरणादायक उत्सव सिद्ध हुआ।

### सेवा भारती गुना की हुई साधारण सभा




**गुना।** रविवार को सेवा भारती गुना की साधारण सभा सेवा भारती के आनंद धाम वरिष्ठ जन सेवा केंद्र, कैंट, गुना में संपन्न हुई । अतिथियों ने दीप प्रज्जलन कर बैठक का शुभारंभ किया। साधारण सभा में आनंद धाम सचिव महेश अग्रवाल द्वारा सेवा भारती द्वारा चलाए जा रहे सभी प्रकल्पों के गत वर्ष के आय व्यय की जानकारी सभी को प्रदान की, सेवा भारती विभाग समन्वयक प्रमोद यादव द्वारा पीपीटी द्वारा सेवा भारती द्वारा चलाये जा रहे सेवा कार्यो का कार्य व्रत रखा गया। आगामी वर्ष मे गुना जिले को 5000 आबादी वाले गांव एवं सभी सेवा बस्ती को कार्य युक्त करने, जिला चिकित्सालय में हेल्प डेस्क का शुभारंभ, एक चलित चिकित्सालय एवं मातृ छाया को संचालित करने की योजना बनाई गई । साधरण सभा मे सेवा भारती मध्यभारत प्रान्त से श्री मार्तंड प्रांत सह सचिव जी ने सभी को सेवा भारती द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया । समाज में शोसित ,वंचित एवं पिछड़े समाज की सेवा में तत्पर रहने का सभी को संकल्प दिलाया एवं सेवा भारती के जिला सचिव मनोज रघुवंशी एवं उपाध्यक्ष अखिलेश विजयवर्गीय को नई जिम्मेदारी प्रदान की गई

### नगर जैन मिलन द्वारा शिशु रोग निदान शिविर का आयोजन

**गुना।** नगर जैन मिलन,गुना शाखा एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में रानी दुर्गावती संस्कार केंद्र कांजी हाऊस शिव मंदिर पर चौधरी मोहल्ला पर रविवार को प्रातः 9 बजे से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। नगर जैन मिलन के शाखा अध्यक्ष वीर विश्वास जैन ने बताया की शिविर का शुभारंभ संस्था के संरक्षक डाक्टर एस.पी. जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात विश्व शांति हेतु महावीर प्रार्थना का वाचन किया गया। शिविर में लगभग 121 बच्चों का परीक्षण डॉ एसपी जैन जैन पूर्व सिविल सर्जन शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया। संस्था द्वारा सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई शिविर में सेवा भारती जिला अध्यक्ष डाक्टर रामवीर सिंह उपस्थित रहे एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एसपी जैन बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता से रहने एवं स्वास्थ्यवर्धक खाना हेतु प्रेरणा दी। कार्यक्रम में नगर जैन मिलन के पूर्व अध्यक्ष मनोज जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, चन्द्रेश गोलेछा, संस्था सचिव अमित टांटिया, सुनील ने सहयोग प्रदान किया।

# बुआ को फंसाने के लिए युवक ने की पत्नी के भतीजे की हत्या

## मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस की तत्परता से नाबलिग के अंधे कत्ल का मात्र 24 घंटे में राजफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के मधुसूदनगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव और उनकी टीम द्वारा थानांतर्गत एक नाबालिग बालक के अंधे कत्ल के मामले में तत्पर और प्रभावी कार्यवाही करते हुए महज 24 घंटे के भीतर ही प्रकरण का खुलाशा कर आरोपी को गिरफतार करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है ।

दिनांक 26-27 नवम्बर 2025 की रात जिले के मधुसूदनगढ़ थानांतर्गत ग्राम मोहरी लंबाखेड़ा के जंगल में किसी अज्ञात युवक की लाश पड़े होने की मधुसूदनगढ थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी । सूचना के मिलते ही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव पुलिस बल के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे । निरीक्षण में मृतक 15-16 साल का नाबालिग बालक पाया गया, जिसके गले में गहरी चोट का निशान मिला, जो मृत्यु का कारण प्रतीत हुआ । इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से मौका मौआयना एवं निरीक्षण कर मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए गए एवं इस घटना पर से मधुसूदनगढ़ थाने में मर्ग कायम कर जांच शुरु की गई ।

### एसपी ने लिया था संज्ञान

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के द्वारा उक्त घटना को चुनौतीपूर्ण प्रकरण मानकर मामले में हर पहलुओं पर सूक्ष्मता से जांच कर प्रकरण का शीघ्र खुलासा किए जाने के निर्देश दिए गए । निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय




जमीलउद्दीन सिद्दिकी के पर्यवेक्षण में मधुसूदनगढ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव द्वारा अपनी टीम के साथ मामले की जांच शुरु की गई । जांच के दौरान मृतक के परिजनों व अन्य संभावित लोगों से पूछताछ कर कथन लिए गए । साथ ही आसपास गांवों में लगे सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए । साक्षियों द्वारा अपने कथनों में इस हत्या में संजू भील निवासी ग्राम कांठी थाना जामनेर पर संदेह व्यक्त किया गया एवं सीसीटीव्ही फुटेजों में भी मृतक अंतिम बार संजू भील के साथ दिखाई दिया ।

प्रकरण की संपूर्ण जांच में आये तथ्यों के आधार पर मृतक की हत्या संजू भील द्वारा ही करना पाये जाने पर दिनांक 28 नवम्बर 2025 को आरोपित संजू भील के विरूद्ध मधुसूदनगढ थाने में अप.क्र. 216/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की गई एवं इस हेतु पुलिस ने अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपी की तलाश में सभी संभावित जगहों पर निरंतर दबिशें दी गई ।

### पुलिस को फोन लगाकर बुआ द्वारा भतीजे की हत्या करने की सूचना दी

आरोपी की तलाश में पुलिस की सतर्कता, तत्परता एवं मजबूत सूचना तंत्र के परिणाम स्वरुप मात्र 24 घंटे के अंदर ही दिनांक 29 नवंबर 2025 को आरोपी संजू पुत्र अमर सिंह भील उम्र 28 साल निवासी ग्राम कांठी थाना जामनेर जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया एवं पूछताछ पर जिसने बताया कि उसकी पत्नि उसे छोड़कर दूसरी शादी कर चुकी है, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ, जिससे वह मानसिक रूप से आक्रोशित था । वह अपनी पत्नि को झूठे हत्या के आरोप में फंसाना चाहता था, इसी साजिश के तहत उसने अपनी पत्नि के भतीजे को पत्नि के वर्तमान पति के गांव के पास जंगल में ले जाकर उसे दारू पिलाई और बेहोसी की हालत में दारू की बोतल फोड़कर गले में मार कर उसकी हत्या कर दी, फिर इसके बाद उसने अपना नाम बदलकर स्वयं ही पुलिस को फोन लगाकर बुआ द्वारा भतीजे की हत्या करने की सूचना दी । इसके बाद पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है ।

## बमोरी के बागेरी डबल लॉक केंद्र की घटना पर गठित किया जांच दल

# सिंधिया के एक्शन मोड में आने के बाद खाद वितरण व्यवस्था में आई कसावट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की बमोरी तहसील अंतर्गत बागेरी डबल लॉक खाद् वितरण केन्द्र पर, भूरिया बाई निवासी कुशेपुर को गत बुधवार की रात तबीयत बिगड़ने के कारण अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा घटना की गहन जांच हेतु जांच दल/समिति गठित किये जाने के आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेशनुसार समिति में अपर कलेक्टर अखिलेश कुमार जैन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (रा.), गुना शिवानी पाण्डे, उपायुक्त सहकारिता मुकेश जैन, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संजीव शर्मा तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग बी. सिसौदिया को सदस्य नियुक्त किया गया हैं। गठित जांच दल, उक्त घटना के संपूर्ण तथ्यों यथा मृत्यु का कारण एवं खाद मिलने में देरी आदि की विस्तृत जांच कर, 3 दिवस में रिपोर्ट कलेक्टर कन्याल के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किये गये हैं।



### निगरानी बनाए हुए हैं सिंधिया

बता दें कि खाद संकट के बीच क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा लगातार बड़े एक्शन लिए जा रहे हैं जिसके चलते 24 घंटे में खाद वितरण केन्द्रों में काउंटर की संख्या 15 से बढ़कर 33 हो गई है। प्रशासन यहां पूरी निगरानी बनाए हुए है और हर परिस्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद नजर आ रहा है।

### बागेरी खाद वितरण केंद्र का सिंधिया ने किया था निरीक्षण

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया क्षेत्र में खाद संकट के बीच लगातार निगरानी बनाए हुए हैं और बड़े एक्शन ले रहे हैं। सिंधिया ने शनिवार को बागेरी खाद वितरण केन्द्र का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। सिंधिया के निर्देशानुसार खाद वितरण केन्द्र में काउंटर की संख्या एक ही दिन में 15 से 33 हो गई, खाद वितरण केन्द्र अब शनिवार को भी खुलेंगे और सुबह 6 बजे से वितरण शुरु हो जाएगा।

### सुबह 6 बजे से मिलेगी खाद, वितरण केंद्रों पर लगेंगे टेंट

साथ ही सिंधिया ने कहा कि केंद्रों पर टेंट की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे किसानों को धूप न झेलनी पड़े। किसानों को कोई असुविधा न हो, केन्द्रीय मंत्री ने साफ कहा कि किसान की तकलीफ़ मेरी तकलीफ़ है, मेरे अन्नदाताओं के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। खाद वितरण केन्द्र अब शनिवार को भी खुलेंगे और सुबह 6 बजे से वितरण शुरु हो जाएगा।

### बजरंगगढ़ थानांतर्गत सड़क दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार हुआ घायल, डायल 112 जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में बामोरी रोड पर मोटरसाइकिल दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया है। पुलिस सहायता की आवश्यकता होने पर सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनांक 29-11-2025 को रात्रि 09 बजे सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बजरंगगढ़ थाने में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया । डायल-112 स्टाफ आरक्षक भूपेंद्र सिंह गुर्जर एवं पायलेट खिलान सिंह जाटव ने मौके पर पहुँचकर बताया कि सड़क पर अचानक पालतू पशु आ जाने से मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे मोटर साइकिल चालक घायल हो गया। इसके बाद डायल-112 जवानों ने घायल व्यक्ति को एफआरवी वाहन से शासकीय अस्पताल गुना पहुँचाया, जहाँ घायल धनराज पाल पिता लालू पाल निवासी बामोरी का उपचार किया जा रहा है। डायल-112 जवानों की त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही से घायल को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी।

# गुना में पत्नी से विवाद के बाद लगाई फांसी

## गैस टंकी को लेकर दंपती में होने लगी थी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना के कैंट इलाके में शनिवार रात एक युवक ने सुसाइड कर लिया। किसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नी से विवाद हुआ था। वह कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। जब पत्नी धक्का मारकर कमरे में पहुंची, तो वह फंदे पर लटका हुआ था। जिला अस्पताल में (रविवार) शव का पोस्टमॉर्टम किया गया।जानकारी के अनुसार नानाखेड़ी का रहने वाला 25 वर्षीय गोलू पिता हुकुम सिंह कुशवाह शनिवार शाम लगभग 5.30 बजे अपनी गाड़ी रखने के लिए घर पहुंचा था। घर पर गैस की टंकी को लेकर उसका अपनी पत्नी से विवाद होने लग।

यह लगातार बढ़ते हुए झगड़े तक पहुंच गया। इस दौरान दोनों में मारपीट तक शुरू हो गई। इसी बीच वहां पहुंचे बड़े भाई ने दोनों के बीच झगड़ होते देख उन्हें किसी तरह समझाइश के साथ अलग-अलग किया।इसके बाद गुस्से में गोलू घर से बाहर जाने लगा था। यह देख उसकी पत्नी भी उसके पीछे पीछे जाने लगी, जिस पर से अंततः गोलू वापस घर में अंदर वापस आ गया। इसके बाद वह गुस्से में अपने कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा भी बंद कर लिया था।लगभग 10 मिनट बाद चिंतित पत्नी ने कमरे का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। यह देख पत्नी ने दरवाजे को जोर से धक्का दिया, जिससे दरवाजा टूट गया। इसके बाद जब पत्नी ने टूटे दरवाजे से कमरे में अंदर जाकर देखा तो पति गोलू फांसी के फंदे पर लटका हुआ दिखा। यह देख वह चिल्लाने लगी।

चिल्ला चोट सुनकर गोलू का भाई कमरे में पहुंचा, तो वह फंदे पर लटका हुआ था।परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी और शव को फंदे से नीचे उतारा। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज पोस्टमॉर्टम के बाद मृतक का शव परिवार को सौंप दिया गया है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

इस दौरान मृतक के बड़े भाई ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह डॉक्टर भोला के यहां काम करता है, जहां से ड्यूटी पूरी कर वह शाम लगभग 5:30 बजे घर पहुंचा था। इसी बीच गाड़ी रखने घर आए गोलू का उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद होने लगा था और देखते ही देखते वे आपस में एक दूसरे के साथ धक्का मुक्की करने लगे थे। यह देख उसने दोनों को समझकर अलग किया था। इसके बाद गुस्से में बाहर जाने और फिर बहू भी उसके पीछे चले जाने पर भाई वापस घर आ गया। लेकिन कुछ देर बाद ही वह फंदे पर लटका दिखा और इसी से उसकी मौत हो गई।

## अजा एवं जनजातीय कार्य विभाग ग्वालियर के संभागीय उपायुक्त ने किया विभिन्न आश्रमों का निरीक्षण

# भोजन की मात्रा व शिक्षण व्यवस्था को बारीकी से जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जनजातीय कार्य विभाग ग्वालियर के संभागीय सहायक आयुक्त संजय खेड़कर ने शनिवार को गुना जिले में संचालित जनजातीय बालक आश्रम शालाओं का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने जनजातीय बालक आश्रम शाला (अंग्रेजी माध्यम) गुना में पहुंचकर खाद्यान्न, सामग्री वितरण, भोजन व नाश्ते की गुणवत्ता, मात्रा तथा शिक्षण व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से चर्चा कर भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता जानी तथा संस्था में उपलब्ध सामग्रियों का भौतिक सत्यापन किया। शिक्षण स्तर का मूल्यांकन करते हुए उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की।

उन्होंने संस्था परिसर की साफ-सफाई, सीसी रोड निर्माण, स्वच्छ पेयजल हेतु आर.ओ. की उपलब्धता, पानी की टंकियों की सफाई तथा सभी पंजियों के विधिवत संधारण के निर्देश अधीक्षक को दिए। साथ ही अधीक्षक को एक से अधिक संस्थाओं के प्रभार से मुक्त करने के निर्देश भी जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग गुना को प्रदान किए। इसके बाद श्री खेड़कर ने सहरिया बालक आश्रम गादेर का निरीक्षण किया। यहां प्राथमिक शिक्षक शिवसर्वन मीना को उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर अनाधिकृत अनुपस्थित पाए जाने पर उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए गए। सहरिया बालक आश्रम (60 सीटर) में 55 पंजीकृत छात्रों में से 40 छात्र निरीक्षण के समय उपस्थित मिले। छात्रों से भोजन, नाश्ता और शिक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई तथा सभी रजिस्टर का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश अधीक्षक को दिए गए।



### संभागीय आयुक्त ने जनजातीय कन्या आश्रम रुठियाई का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

संभागीय आयुक्त (राजस्व) ग्वालियर मनोज खत्री ने शनिवार को आकस्मिक रूप से गुना जिले के रुठियाई स्थित जनजातीय कन्या आश्रम (50 सीटर) का निरीक्षण किया। आश्रम पहुंचकर उन्होंने छात्राओं की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, शिक्षण स्तर और अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आश्रम में 48 छात्राएं उपस्थित मिली। आयुक्त खत्री ने बच्चियों से प्रतिदिन दिए जाने वाले नाश्ते व भोजन के बारे में जानकारी ली। भोजन की थाली परोसा कर उसकी मात्रा और गुणवत्ता की जांच की तथा खाद्यान्न पंजी से मिलान भी कराया। अंग्रेजी शिक्षा के स्तर का आकलन करने के लिए उन्होंने बच्चियों से शब्द और स्पेलिंग भी पूछी गई।निरीक्षण में आयुक्त खत्री ने उपलब्ध कराई जा रही सामग्री एवं व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने परिसर में कम प्रकाश पाए जाने पर अतिरिक्त लाइट लगाने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चियों की सुविधा के लिए ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन उपलब्ध कराने, खेल सामग्री और ग्राउंड व्यवस्था बेहतर करने तथा कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने के निर्देश अधीक्षक को दिए।निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ अमित सोनी, तहसीलदार राघोगढ़, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग बी. सिसौदिया एवं नोडल अधिकारी मुकेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विवाह सीजन के मद्देनजर पुलिस की विशेष सुरक्षा एडवाइजरी जारी

**गुना।** वर्तमान में विवाह-समारोहों, सामाजिक आयोजनों एवं बड़े पारिवारिक कार्यक्रमों का समय चल रहा है । भीड़भाड़, यात्राओं, गहनों व नकदी के उपयोग और बड़ी संख्या में लोगों के आवागमन के कारण इस दौरान सुरक्षा के प्रति अधिक सतर्कता आवश्यक हो जाती है । इसी उद्देश्य से गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना पुलिस की ओर से जिले भर में विशेष सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें विवाह स्थलों पर सतर्क और प्रभावी गश्त,संवेदनशील आयोजन स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती,रात के समय विशेष पेट्रोलिंग एवं गस्त आयोजकों व नागरिकों को सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन कराने की पहल यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग प्रबंधन पर विशेष ध्यान, विवाह समारोहों के दौरान आपराधिक तत्व के लोग मौका पाकर समारोह स्थल में प्रवेश कर जाते हैं और चोरी जैसी गतिविधि को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं ।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### सोनी कॉलोनी के मॉडर्न स्कूल से आरंभ जिला जेल में भी होगा गीता स्वाध्याय

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और गीता की लोक कल्याणकारी शिक्षण के प्रचार प्रसार में रत विश्वगीताप्रतिष्ठानम् के तत्वावधान में भव्य गीता जयन्ती महोत्सव के व्यापक आयोजन के क्रम में मध्यप्रदेश के सभी जिलों में 1100-1100 तथा सभी तहसीलों विकासखण्डों में 500-500 जन द्वारा गीता पाठ की तथा भोपाल और उज्जैन तथा रीवा में प्रत्येक में 11000 जन द्वारा सामूहिक रूप से गीतास्वाध्याय एवम श्रीमद् भगवद्गीता गीता के 15 वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया जाना है कार्यक्रम का शुभारंभ गीता स्वाध्याय से प्रातः 10 बजे एवम 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ ठीक 11 बजे से आरंभ होगा। विकासखंड अंतर्गत शासकीयउत्कृष्ट उ.मा.वि .आरोन, बीनागंज, बमोरी एवम शासकीय कन्या उमावि राघोगढ़ एवम इसके अतिरिक्त फतेहगढ़, कुंभराज, पगारा जामनेर आदि अन्य स्थानों पर भी निर्धारित अनुसार आयोजित किया जाएगा। गीता सप्ताह का शुभारंभ एवं समापन मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल में ही होगा शेष दिनों में गीता का पाठ और व्याख्या सातों गीतापुरम के विभिन्न मंदिरों में किया जाएगागीता सप्ताह के क्रम में प्रतिवर्ष अनुसार कारागार में भी दोपहर 2 बजे से गीता स्वाध्याय एवं पाठ का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में गुना क्षेत्र के दो युवाओं का चयन

**गुना।** गुना जिले के लिए गर्व का क्षण है कि योगाचार्य महेश पाल के मार्गदर्शन में गायत्री मंदिर में ले रहे योगासन प्रशिक्षण दो प्रतिभाशाली युवाओं ने योगासन के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट योग्यता का परिचय देते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए शिवांग सिंह यादव ने संभाग स्तरीय योगासन प्रतियोगिता ग्वालियर में अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुति के दम पर चयन प्राप्त किया है, उच्च शिक्षा विभाग कि राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 25 नवंबर को सागर में होगी वहीं दूसरी ओर हमारे गुना क्षेत्र के मुनेंद्र रघुवंशी का चयन 35 से 45(सीनियर B केटेगरी) आयु वर्ग के लेग बैलेंस इंडिविजुअल इवेंट मै योगासन भारत की राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के संगमनेर शहर में होगी यह उपलब्धियाँ न केवल व्यक्तिगत सफलता का प्रमाण हैं, बल्कि हमारे क्षेत्र में योग शिक्षा के बढ़ते स्तर और समर्पण को भी दर्शाती हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### आरोंन में पिच्छी परिवर्तन समारोह संपन्न हुआ

# विवेक जैन-नेहा जैन को मिली मुनिश्री की पुरानी पिच्छिका

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन



आरोन में चातुर्मास हेतु विराजमान मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज का पिच्छी परिवर्तन समारोह रविवार को स्थानीय वर्धमान कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुआ। इस अवसर पर दोपहर में 1:30 बजे से बड़ा जैन मंदिर से एक चल समारोह प्रारम्भ हुआ। जिसमें महिला एवं पुरुष भक्ति करते हुए कार्यक्रम स्थल वर्धमान कॉम्प्लेक्स पहुँचे। पिच्छी परिवर्तन समारोह की शुरुआत दोपहर में 1:30 बजे से हुई। इस आयोजन में शामिल होने के लिए आमलनेर, पठारी,सैतपुर, इंदौर, टीकमगढ़ गंजबासौदा, बासा, गुना, पिपरई, जलगांव, अशोकनगर, विदिशा,अजनास शाढौरा, खंडवा मुंगावली, बहादुरपुर, राघौगढ़, उज्जैन, सिरोंज, बीना आष्टा, आदि स्थानों के श्रद्धालू आरोन पहुँचे। समाधिस्थ जैन आचार्य श्री विद्यासागर जी के चित्र के अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ इस आयोजन की शुरुआत हुई।मंगलाचरण पाठशाला द्वारा किया गया।आचार्य श्री की पूजन की गई- जैन समाज की विभिन्न महिला मंडलों द्वारा आचार्य श्री विद्या सागरजी महाराज की सामूहिक एवं संगीतमय पूजन की गई। इस पूजन में जल ,चन्दन, अक्षत, पुष्प, नैवेध्य, दीप, धूप,फल आदि अर्घ्य अलग अलग महिला मंडलों के समूहों द्वारा आकर्षक नृत्य भक्ति की प्रस्तुतियों के साथ मंच पर लाते हुए समर्पित किये गये। जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 के क्षेत्रीय प्रवक्ता एवं चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने बताया कि जैन मुनि एवं आर्यिका हमेशा ही मुलायम मोर पंख से निर्मित पिच्छी को अपने साथ रखते हैं। यह मोर पंखी पिच्छी इतनी कोमल,नरम एवं मुलायम होती है कि इससे सूक्ष्म से सूक्ष्म जीवों को भी कोई हानि नही होती है एवं नाही किसी भी प्रकार से किसी जीव का घात होता है। इसीलिए जैन मुनि एवं आर्यिका इस मुलायम एवं कोमल पिच्छी को अपने साथ रखते हैं। बर्ष में एक बार जैन मुनि एवं आर्यिका पुरानी पिच्छी को बदलकर नवीन पिच्छी ग्रहण करते हैं। क्योंकि एक बर्ष में इस पिच्छी की कोमलता एवं मुलायमता में कमी आ जाती है। नियम एवं संयम का पालन करने का संकल्प लेने वाले श्रावक एवं श्राविकाओं द्वारा ही मुनिराजों एवं आर्यिकाओं की पुरानी पिच्छी ली जाती है एवं नवीन पिच्छीकाएं दी जाती है।मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज की पुरानी पिच्छी लेने का सौभाग्य विवेक झंडा नेहा झंडा को प्राप्त हुआ। एवं मुनि श्री को नवीन पिच्छी देने का सौभाग्य नीरज जैन पिंकी जैन राजपुर बालों को प्राप्त हुआ।मुनि श्री को देने के लिए नवीन पिच्छिका को लाने के लिए आरोन जैन समाज के युवा वर्ग ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए चलित गुफा का निर्माण किया। इस चलित गुफा में रखकर मुनि श्री की नवीन पिच्छी को मंच पर लाया गया। युवा वर्ग द्वारा आकर्षक विशाल पर्वत श्रृंखला युक्त मंच का निर्माण भी किया गया।इस कार्यक्रम में भारत सरकार नीति आयोग की सदस्य श्रीमति अर्चना जैन,नीरज जैन जिनवाणी,विनोद बड़जात्या, विशेष रूप से उपस्थित थे।जैन समाज द्वारा सभी का अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संयम के महत्व को समझाया और कहा कि समय रहते संयम व्रत पालन करने के लिए अपने चंचल मन पर नियंत्रण रखकर संयम के पथ पर अग्रसर हों।मुनि श्री के पाद प्रक्षालन किए गए मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य रायपुर निवासी विनोद बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ।

## सांसद खेल महोत्सव में सांदीपनि शाउमावि बरखेड़ा हाट का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

स्थानीय सांदीपनि विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा हाट में विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष धाकड़ के मुख्य आतिथ्य, संस्था प्राचार्य यशवंत सिंह धाकड़ के विशिष्ट आतिथ्य,एवं माध्यमिक प्रधानाध्यापक बृज किशोर शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न किया गया।, जिसमें शिवराज सिंह भदोरिया समन्वयक खेल और युवा कल्याणविभाग गुना, ताहिर खान प्रभारी खेल अधिकारी विकास खंड आरोन, सोनू सिलावट नगर परिषद आरोन, एवं अल्ताफ खान MRC आरोन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस सांसद खेल महोत्सव में स्थानीय संस्था उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ाहाट के अतिरिक्त अन्य विद्यालयों से भी टीमें शामिल हुई, जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता, रस्सी खींच प्रतियोगिता, एथलेटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर एवं 400 मीटर की दौड़ , एवं सुथोलिया प्रतियोगिता कराई गई , जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता बालक में सांदीपनि विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय बरखेड़ा हाट विजेता एवंमाध्यमिक विद्यालय खजूरी उपविजेता रहा। वहीं बालिका कबड्डी में सांदीपनि विद्यालय बरखेड़ा हाट विजेता एवं हाइस्कूल खजूरी उपविजेता रहा। रस्सा कशी प्रतियोगिता बालक में माध्यमिक विद्यालय बारोद विजेता, एवं सरखो उपविजेता रहा। वही रस्सा कशी बालिका में प्राथमिक विद्यालय नोहर विजेता एवं बरखेड़ा उप विजेता रहा। सितोलिया प्रतियोगिता में बालक में सांदीपनि विद्यालय बरखेड़ा विजेता एवं तिलीखेड़ा उपविजेता रहा, वही सितोलिया बालिका में बूड़ाडोंगर विजेता एवं सरखो को उपविजेता घोषित किया गया। 100 मीटर की दौड़ बालक में अरुण बंजारा प्रथम एवं अर्पित यादव द्वितीय स्थान पर रहे तथा बालिका में वैष्णवी ओझा प्रथम भारती कुशवाहा द्वितीय स्थान पर रही, वही 400 मी बालक दौड़ में कान्हा यादव प्रथम एवं बलराम अहिरवार द्वितीय स्थान पर रहे ,तथा बालिका में माही गोस्वामी प्रथम तथा प्रतिज्ञा द्वितीय स्थान पर रही। इस प्रकार समस्त प्रतियोगिताओं में सांदीपनि विद्यालय बरखेड़ा है का दबदबा रहा। समस्त प्रतियोगिताओं एवं विजेता टीमों को जिले के लिए चयनित करते हुए सभी को अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की गई।



# भाजपा जनों ने सुना मन की बात का 128वां एपिसोड

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बोले- भारत ने कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी पाकर परचम लहराया; अयोध्या में राम मंदिर की रामध्वजा का जिक्र किया आज भाजपा गुना नगर मंडल अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 के बूथ क्रमांक 34 एवं बूढ़े बालाजी मंडल के बूथ संख्या 96 पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 128वे संस्करण के लाइव प्रसारण को बूथ समिति के साथ सुना गया।

नगर मंडल मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा ने बताया कि आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने मन की बात कार्यक्रम के 128वे संस्करण के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में कहा कि नवंबर का महीना बहुत सी प्रेरणाएं लेकर आया, कुछ दिन पहले ही 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कोटलमेजवंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई।

25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ।

इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि खेलों की दुनिया में भी भारत का परचम लहराया है। कुछ दिन पहले ही भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। ये उपलब्धियाँ देश की हैं, देशवासियों की है। और 'मन की बात' देश के लोगों की ऐसी उपलब्धियों को, लोगों के सामूहिक प्रयासों को जन-सामान्य के सामने लाने का, एक बेहतरीन मंच है।

मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री के रेडियो शो मन की बात के 128वां संस्करण को भाजपा के कई बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा लाइव देखा गया ।इसी क्रम में बूथ क्रमांक 117 पर जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी टिल्लू,बूथ क्रमांक 5 पर महामंत्री चन्द्रप्रकाश अहिरवार,बूथ क्रमांक 158 पर मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा ,बूथ क्रमांक 179 पर म्याना मंडल अध्यक्ष शुभम रघुवंशी,बूथ अध्यक्ष प्रदुमन रघुवंशी,बूथ क्रमांक 160 पर बारेलाल धाकड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे ।मन की बात कार्यक्रम के दौरान मंडल प्रभारी एवं भाजपा वरिष्ठनेता देवेंद्र गुप्ता,मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत,बूढ़े बालाजी मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव,मंडल महामंत्री हरीश उरैया,मंडल मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा बूथ अध्यक्ष नरेश जोशी,भाजपा नेता दिलीप बैस,मंडल मंत्री शैलेश कुशवाह, आई टी सेल प्रभारी राहुल बेस,मंडल कार्यसमिति सदस्य डॉ मुकेश साहू, बूथ समिति सदस्य अशोक अवस्थी,श्याम वर्मा,राजेश सिकरवार, खेमसिंह कुशवाह,राजेश जोशी,दिलीप शर्मा, कुलदीप शर्मा सहित अधिक संख्या में भाजपा जन,बूथ पर निवासरत कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## गुना में समाजसेवी ने दो मानसिक अस्वस्थ महिलाओं को एक बस्तर की और एक गोरखपुर को अपना घर आश्रम मे दिलाया आश्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





मानव सेवा को सर्वोपरि मानने वाले समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने एक बार फिर जरूरतमंदों की सहायता कर मिसाल पेश की है। जिले में दो मानसिक रूप से अस्वस्थ, घर से बिछड़ी महिलाओं के लावारिस अवस्था में जामनेर अस्पताल से सूचना मिलने पर भार्गव ने दोनों को सुरक्षित आश्रय तक पहुँचाया।पहली महिला जामनेर अस्पताल से लावारिस अवस्था मे थी।

अस्पताल से सूचना आई थी,समाजसेवी भार्गव द्वारा पूछताछ करने पर महिला ने अपना संबंध छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले से बताया और बताया कि वह घर से भटककर यहाँ पहुँच गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भार्गव स्वयं उसे अपना घर आश्रम, शिवपुरी लेकर गए, जहाँ उसे उपचार एवं देखरेख हेतु भर्ती कराया गया।इसी तरह दूसरी महिला विवेक कॉलोनी स्थित हवाई पट्टी मंदिर के पास पिछले पाँच दिनों से आश्रयहीन रूप से रह रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना समाजसेवी भार्गव को दी। मौके पर पहुँचकर पूछताछ में महिला ने अपना संबंध गोरखपुर, उत्तर प्रदेशसे बताया। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण भार्गव उसे केंट थाना लेकर गए, जहाँ आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। तत्पश्चात केंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव द्वारा उसे भी अपना घर आश्रम, शिवपुरी भिजवाया गया।दोनों महिलाओं को आश्रम में उपचार, देखभाल तथा उनके घर-परिवार की खोज की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।समाजसेवी प्रमोद भार्गव लगातार दीन-दुखियों, निराश्रित एवं घर से भटके लोगों की सहायता में जुटे रहते हैं।

# प्रधानमंत्री द्वारा हैंडलूम क्राफ्ट विलेज प्राणपुर को मन की बात कार्यक्रम में शामिल करना गौरव की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन जिले के 778 बूथों पर सुना गया। प्रधानमंत्री द्वारा हैंडलूम क्राफ्ट विलेज प्राणपुर को मन की बात कार्यक्रम में शामिल करना भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने गौरव की बात कहा है। यह कार्यक्रम प्राणपुर के बूथ क्रमांक 216 पर मन की बात कार्यक्रम के 128वें संस्करण के सीधे प्रसारण में बूथ समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा देखा और सुना गया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में चंदेरी के हैंडलूम क्राफ्ट विलेज प्राणपुर गांव को जोड़ा जाना सभी जिले एवं प्रदेश वासियों के लिए बड़े सम्मान एवं गौरव की बात है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण प्रसारण द्वारा चंदेरी की पहचान को राष्ट्रीय मंच पर ऊँचाई देने को क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि चंदेरी की कला, कारीगरों की मेहनत और स्थानीय उद्योगों के सशक्तिकरण के प्रति यह मान्यता प्रधानमंत्री के विकासवादी नेतृत्व तथा वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सशक्त करती है। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अरुण सोमानी कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला मंत्री दीपक शर्मा, सोना कोली,नगर मंडल चंदेरी अध्यक्ष पूरन सोनी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष केदार सिंह लोधी,सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ पिप्पल,ग्रामीण मंडल महामंत्री हुकुम कोली,सरपंच काजल जैन सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी नीरज कांसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गजेन्द्र सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाटकापुरा चन्देरी निवासी मनोज रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भीमसिह रैकवार ने उससे मारपीट की, दांतों से काटा और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चाड़यिा निवासी मैहरसिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरबिन्द आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# गीता जयंती पर सामूहिक गीतापाठ का आयोजन सभी तहसीलों में होगा



**अशोकनगर।** 01 दिसम्बर को गीता जयंती पर सामुहिक गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय के साथ तहसील मुख्यालयों पर भी यह आयोजन होगें। जिला मुख्यालय पर यह आयोजन स्वामी विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री विद्यालय में किया जाएगा। जिसमें 1100 विद्यार्थी सामुहिक गीता पाठ में भाग लेगें। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति संचालनालय और विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में श्रीमद भागवत गीता के अवतरण दिवस के मौके पर यह आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां पूरी दिन चलती रहीं। तहसील मुख्यालयों पर आयोजित कार्यक्रमों में 500 विद्यार्थी भाग लेगें। जिले के अन्य स्थानों में मुंगावली, चन्देरी , बहादुरपुर, शाढौरा, नईसरायं और ईसागढ में यह कार्यक्रम आयोजन किए जाएगें। इसी तरह यह कार्यक्रम जिला जेल के साथ संदीपनी विद्यालय पिपरई में भी किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर विश्वगीता प्रतिष्ठानम द्वारा गीता के 15वें अध्याय को लेकर सभी विद्यालयों के प्रतिनिधि भेजे गए हैं। गीता जयंती महोत्सव पर होने वाले गीता स्वाध्याय एवं गीता पाठ की सार्वत्रिक रूपरेखा अनुसार कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से किया जाएगा।जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित होगा।

### कार्यक्रम की रूपरेखा यह होगी

1 9.50 गीत गायन अनुगायन गीतामृतगानम् पुस्तक से

2 10.00 दीप प्रज्वलन, सरस्वती, गीता पूजन, 10.03 शंखनाद, स्वस्तिवाचन 10:04 बजे

3 10.10 अतिथि परिचय 10.15 स्वागत, 10.20 प्रेरणागीत , गायनानुगायन,10.25 स्वाध्यायपत्रक ब्रह्मनाद से गीता माहात्म्य तक अनुगायन,11.00 श्रीमद्भगवद्गीता पाठ पञ्चदशः अध्यायः 11.10 संक्षिप्त व्याख्या, 11.20 उद्देश्य और लक्ष्य, मुख्य वक्ता, 11.30 आशीर्वचन , 11.40 आशीर्वचन-2. अध्यक्ष, 11.50 कृतज्ञता ज्ञापन, स्थानीय प्रमुख,11.55 व्यवस्था सम्बन्धी, संगठनात्मक सूचनाएं,12.00 नमामि नमामि., आरती, अक्षय निधि समर्पण, 12.10 पुष्पांजलि, जयघोष कल्याण मन्त्र, प्रसाद वितरण, 12.30 बजे , 1.30 संगठनात्मक संयोजना सह समीक्षा बैठक, युवराज स्वामीजी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य महाराज, अध्यक्ष डॉ. विष्णु नारायण तिवारी, महामन्त्री, विश्वगीताप्रतिष्ठानम,विष्णु प्रसाद शर्मा, केन्द्रीय संघटन मन्त्री एवं उत्सव प्रमुख उपस्थित रहेगें।

### श्योपुर जिले में दबे पांव बढ़ता जा रहा एड्स का दानव

# 19 साल में श्योपुर के 339 लोगों को एड्स ने जकड़ा, 66 को सुला दिया मौत की नींद

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

भलेही प्रदेश में श्योपुर जिले की गिनती पिछले जिलों के रूप में होती हो,लेकिन यहां एड्स जैसी गंभीर बीमारी दबे पांव बढती जा रही है। हालांकि एड्स की रोकथाम के लिए राज्य एड्स नियंत्रण समिति की गाइडलाइन के अनुसार कई तरह की कवायदे की जा रही है,मगर इसके बाद भी गुजरे 19 सालों के दौरान श्योपुर जिले के 66 लोगों की जान एड्स ने ली। जबकि जिले के 339 लोग एड्स की गिरफ्त में आ गए है। विशेष बात यह है कि एड्स के कारण जिन 66 लोगों की जान गई है,उनमें 43 पुरूष, 18 महिलाओं के साथही 2 बालिका और 3 बालक भी शामिल है।




### नशा भी बढ़ा रहा एड्स रोगी

जिले में एड्स जैसी गंभीर बीमारी के बढने के पीछे एक कारण नशा भी है, क्योंकि इंजेक्शन के जरिए नशा करने वाले लोगों की संख्या श्योपुर में बढ़ती जा रही है, नशा करने वाले लोग जो एक-दूसरे का इंजेक्शन का प्रयोग नशा करने के दौरान कर रहे हैं, जिससे वे संक्रमित हो रहे हैं। बीते कुछ सालों में ऐसे मामले सामने आए है। इसलिए जिले का स्वास्थ्य विभाग का अमला जेल में पहुंचकर भी जांच शिविर लगा रहा है। क्यांकि नशे से ग्रसित लोगों को पुलिस पकडने के बाद जेल भेज देती है।

### इलाज से जिंदा बचे हैं 239 लोग

*श्योपुर जिले में 239 लोग वर्तमान में ऐसे है, जो एड्स से पीडित बने हुए और उनकी जान एड्स को लेकर चल रहे इलाज के भरोसे बची हुई है। जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.यतेंद्र रावत ने बताया कि जांच के दौरान जो भी रोगी एड्स पॉजीटिव पाए जाते है,हम उनका इलाज शुरू कर देते है। वर्तमान में 239 लोग एड्स पॉजीटिव है। जो कि इलाज के भरोसे जिंदा बचे हुए है। इन्हें इलाज न मिलने पर इनकी जान भी जा सकती है,इसलिए हमारी टीम सभी पॉजीटिव लोगों पर नजर रखते है कि वे बराबर एड्स की दवाईयां खा रहे है।*

### इनका कहना है..

उपचार के दौरान दवाईयों से मरीज के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है साथ ही जीवन का समय भी बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान में जिले के पॉजिटिव मरीज एआरटी सेंटरों से दवा खा रहे हैं। एड्स की रोकथाम के लिए सघन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

डॉ यतेन्द्र रावत
नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम श्योपुर

### प्रिंसिपल नरेंद्र जाट को सेवा निवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

# रिटायरमेंट शासकीय सेवक के लिए आवश्यक हिस्साः मधु शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

हर कर्मचारी के लिए रिटायरमेंट शासकीय सेवा का जरूरी हिस्सा है। जो भी व्यक्ति शासकीय सेवा में आता है उसे एक दिन सेवा से निवृत होना पड़ता है पर जो लोग अच्छे काम करते हैं वह सेवा निवृत्ति के बाद भी लंबे समय तक याद किए जाते हैं। नरेंद्र सिंह जाट ऐसे ही अच्छे शासकीय सेवक हैं जिनकी सेवाओं के चलते जिले में शिक्षा का स्तर हमेशा ऊंचा रहा। इसकी कमी शिक्षा विभाग हमेशा खेलेगी। यह बात खंड शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने सांदीपनि विद्यालय बडौदा के प्रिंसिपल नरेंद्र सिंह जाट की सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई पार्टी में संबोधन देते हुए कही।

श्योपुर जिले के बड़ौदा स्थित सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिंह जाट को सेवानिवृत्त होने पर उनके स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई समारोह आयोजित कर दी। कार्यक्रम में पहुंची ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने नरेंद्र जाट को जिले के उत्कृष्ट प्रिंसिपल प्रिंसिपलों में शामिल होना बताते हुए कहा कि वह जिस विद्यालय में रहे उस विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम हमेशा अच्छा रहा वह जिले के ऐसे प्रिंसिपल रहे जिनकी परीक्षाओं के चलते कभी कोई चेतावनी वरिष्ठ कार्यालय से नहीं दी गई उनके अच्छे व्यवहार और अनुभव की वजह से जिले के शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का भी मान सम्मान बढ़ता रहा।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिल के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानी राजपूत निवासी गणेश कॉलोनी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से राममूर्ति चैहान, मिथलेश बाई चैहान, चन्द्रप्रताप चैहान द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शाररिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत मातामढ़ मोहल्ला पिपरई निवासी छोटू राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मुंगावली अशोकनगर रोड पर पेट्रोल पपं के पास सफेद रंग की कार ने अपने वाहन को लापरवाही से चलाया और सड़क किनारे खड़े नीतेश पाल को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की सेहराई पुलिस ने 4 अलग अलग लोगों से अवैध शराब बरामद की है। जिसमें कल्लू अहिरवार निवासी अचलगढ़, लल्लू अहिरवार निवासी सिधारा, मोहनसिंह अहिरवार निवासी अचलगढ़ और नेतराम अहिरवार निवासी अचलगढ़ के पास से 5-5 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत धुबिया तालाब के पास धोबी घाट के पास मस्जिद पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने हेतु एक बिजली का तार डाल रखा था। जिससे अजय पुत्र प्रकाश बरार उम्र 25 साल निवासी जुगयाना मोहल्ला चन्देरी और हनीफ खां पुत्र हबीब खां निवासी बादल महल चन्देरी की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई थी।

### सिंधिया को मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने माफिया पर की कार्रवाई

# बेतवा नदी के घाटों से निकाली जा रही है अवैध रूप से रेत









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में खनिज माफिया बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं, रेत, मुरम और बजरी, का अवैध रूप से व्यापार यहां बड़े स्तर पर चल रहा है। हालात यह हैं कि पूरी रात यह खनिज माफिया इस कारोबार को करने में लगे हैं। इस तरह के अवैध खनिज व्यापार और खनिज माफियाओं को लेकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को बड़ै पैमाने पर शिकायतें की गई थीं। जिसके बाद प्रशासन ने मुंगावली में बेतवा नदी के घाटों पर यह कार्यवाही की है।

इस कार्यवाही में मुंगावली की पुलिस के स्थान पर पुलिस लाईन का बल अशोकनगर से भेजा गया। जिसमें देहात थाने के उप निरीक्षक अजीम अंसारी के साथ 10 लोग शामिल थे। पिपरई के तहसीलदार, कोटवार, सहित राजस्व अधिकारियों को लगाया गया था। खनिज विभाग का अमला भी मौके पर पहुंचा। रविवार की दोपहर 2 से 3 बजे के बीच यहां प्रशासन जब मौके पर पहुंचा तो बेतवा नदी के घाटों से रेत को निकालने का अवैध व्यापार खुले आम चल रहा था। डंफर, ट्रेक्टर, पोकलीन मशीन इस कारोबार में लगीं थीं। प्रशासन का अमला जैसे ही वहां पर पहुंचा वैसे ही वाहनों के चालकों ने भागने की कार्यवाही शुरू कर दी, यहां 3 ड्रायवर मौके पर मिले और 4 ड्रायवर भाग गए। यहां खनिज विभाग के अधिकारी वीरेन्द्र वर्मा, कार्यवाही करने में लगे हैं कि अब तक कितनी खनिज संपदा यहां से निकाली जा चुकी है।

### एसडीएम ने कहा वाहन जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में भेजे गए

मुंगावली के एसडीएम इसरार खान ने बताया कि यहां बेतवा नदी के मल्हारगढ़, बिल्हेरू एवं भेड़का घाट पर खनिज बजरी का अवैध उत्खनन किए जाने पर मौके से 5 पनडुब्बी, 7 डंपर, 2 ट्रैक्टर सहित ट्राली, 3 पोकलेन मशीनें मौके पर मिली हैं। जिनमें 3 ड्रायवर मौके पर पाए गए हैं जिनके द्वारा डंफर और ट्रेक्टरों को थाना मुंगावली की पुलिस अभिरक्षा में लाया जा रहा है। पोकलीन मशीन को भी ले जाने के मामले में प्रशासन की कार्यवाही जारी है।

### खनिज माफियाओं को नहीं है प्रशासन का डर

बेतवा नदी अशोकनगर और सागर जिले की बीच बहती है। अशोकनगर जिले की मुंगावली तहसील से चन्देरी तक का हिस्सा इस नदी के किनारे बसा है। अशोकनगर जिले से भी खनिज माफिया इस नदी से रेत निकालकर ले जाते हैं। उधर सागर जिले के बीना में भी यही कारोबार चल रहा है। अगर यह खनिज माफिया इस कारोबार को करने में लगे हैं तो प्रशासन द्वारा इन्हे रोकने के इंतजाम क्यों नहीं होते। पूरी साल यह अवैध खनिज का व्यापार यहां चल रहा है। यह खनिज माफिया कौन हैं जिन पर कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। इस माफिया गैंग ने मुंगावली में प्रशासन से लेकर खनिज विभाग के अमले पर भी अपनी गिरफ्त बना रखी है।

### साल भर खनिज माफिया सक्रिय, कार्यवाही न के बराबर

अवैध सामग्री निकालने का कारोबार पूरी साल चलता है लेकिन कार्यवाही साल में 2 से 4 बार ही होती है। पुलिस और राजस्व विभाग वाहन चालकों पर मामला दर्ज कर लेती है। लेकिन रेत निकालने के पीछे किसका हाथ है प्रशासन वहां तक नहीं पहुंचता। बिना नंबरों के यह वाहन पूरी रात खनिज संपदा के अवैध कारोबार में लगे हैं, दिन में काम बंद रखते हैं और रात भर नदियों में काम चालू रहता है। जैसी स्थिति बेतवा नदी की है वैसी ही स्थिति सिंध नदी की है। यह नदी भी अशोकनगर और गुना जिले के बीच में बहती है। जब भी अशोकनगर का प्रशासन यहां से दबाव बनाता है तब यह माफिया गुना जिले की सीमा में चले जाते हैं और जब भी गुना जिले का प्रशासन कार्यवाही करता है तब यह माफिया अशोकनगर की सीमा में आ जाते हैं।





### खनिज माफिया बन गए करोड़ों के मालिक

अशोकनगर जिले में अगर आप रेत, बजरी और मुरम के दाम सुन लें तो आपके होंश उड़ जाएं दाम इतने हैं कि यह खनिज का कारोबार करने वाले लोग रातों रात जिले के सबसे बड़े पैसे वाले बन गए हैं। कभी कोई यह जानने तैयार नहीं है कि आखिर यह खनिज सामग्री कहां से आ रही है कौन ला रहा है। सब कुछ प्रशासन की जानकारी में है यह तो पता ही है कि राजनैतिक संरक्षण में यह सारा कारोबार फल फूल रहा है। इस बेतवा नदी के घाटों पर कईं बार खनिज माफियां आपस में भिड़ भी गए हैं। जहां तक खनिज विभाग के अमले की बात है तो इस विभाग में अमला भी न के बराबर है। विभाग कार्यवाही का मन भी बनाए तो कईं बार खनिज माफिया अपने वाहन तक छुड़ाकर ले जा चुके हैं और खनिज अधिकारियों के वाहन पर हमले हो चुके हैं। यह बड़ा अवैध कारोबार का खेल जिले भर में चल रहा है।

### आगे भी चलेगी कार्रवाई

जिले में अवैध खनिज संपदा को लेकर की गई कार्यवाही क्या औपचारिक है या फिर खनिज माफियाओं पर प्रशासन की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। गांव से लेकर तहसील तक और तहसील से लेकर जिले तक यह अवैध कारोबार शासन को करोड़ों रूपए की राजस्व की क्षति पहुंचाने वाला है।

## गोला, भाला और लंबी कूद हुई सासंद कप की खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बच्चों ने दिखाया दम



**मुंगावली।** रविवार को मुंगावली के नवीन स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल आयोजन करने में मुख्य भूमिका संचालक नोडल अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह जादौन और प्राचार्य प्रभारी सुरेंद्र खरे और मुबारक खान, पहलाद सिंह, अक्षय गौर और खेल युवा कल्याण रेनू ओझा की विशेष भूमिका रही। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में राहुल तिवारी प्रथम स्थान हासिल किया और नितिन ग्वाल ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं सीनियर बालक में प्रिंस अहिरवार प्रथम स्थान पर रहा। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में राधिका लोधी प्रथम स्थान और रश्मि यादव द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर सीनियर महिला राधिका अहिरवार और पांच किलोमीटर में आर्यन बागड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर में और मोहित सांसी द्वितीय स्थान पर और 5 किलोमीटर सीनियर वर्ग में गोपाल अहिरवार और सोनू नायक और एक 1000 मीटर में राधिका लोधी प्रथम स्थान रुचि का यादव द्वितीय स्थान और 1000 मी बालिका वर्ग सीनियर में राधिका यादव प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोला फेंक मैं बालक बालक वर्ग जूनियर में नितिन ग्वाल प्रथम स्थान और प्रिंस राय द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। गोला फेंक में बालक वर्ग सीनियर में प्रिंस अहिरवार और सत्येंद्र यादव द्वितीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में जूनियर वर्ग में बालक आर्यन बागड़ी प्रथम स्थान और हर्ष पचे द्वितीय स्थान पर रहा। लंबी दौड़ में बालक वर्ग में सीनियर में विशाल सेन प्रथम स्थान और प्रिंस अहिरवार द्वितीय स्थान हासिल किया। लंबी कूद में जूनियर बालिका में राधिका लोधी प्रथम स्थान और रवीना कुशवाहा द्वितीय स्थान पर रही।

## जिला चिकित्सालय में पूर्व संध्या पर विश्व एड्स दिवस मनाया गया




**अशोकनगर।** रविवार को जिला चिकित्सालय अशोकनगर में एक दिसंबर 2025 वल्ड एड्स डे की पूर्व संध्या के अवसर पर आदरणीय जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अल्का त्रिवेदी एवं नोडल अधिकारी एड्स डॉ अशोक शाक्य के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के दिशा निर्देशों के अनुसार जागरूकता पखवाड़े के कार्यक्रमों का शुभारंभ विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या क अवसर पर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ बी एल टैगोर तथा एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ अशोक शाक्य की उपस्थिति में एड्स नियंत्रण समिति तथा टी आई परियोजना के समस्त सदस्यों द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर रेड रिबन रंगोली बनाई गई तथा एवं सभी जिला एड्स नियंत्रण समिति सदस्यों के द्वारा मोमबत्ती जलाकर समस्त भ्प्ट/एड्स पीड़ित होकर जान गंवाने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आईसीटीसी काउंसलर बृजपाल यादव, डीएसआरसी काउंसलर संतोष भार्गव एलटी दिलीप सोनी, टीआई परियोजना प्रबंधक प्रमेन्द्र भार्गव आदि रहे मौजूद।

## पुलिस ने 3 आरोपियों से सात लाख की कीमत की चुराई गई 9 बाइक की बरामद

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली पुलिस ने बाईक चुराने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 7 लाख रूपए कीमत की 9 बाईक बरामद की गई हैं। जिन्हें अलग अलग स्थानों से चुराया गया था। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में यह बाईक बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि 27 नबंवर को फरियादी मिथुन पुत्र हरीसिंह अहिरवार निवासी छैलाबाग अशोकनगर ने रिपोर्ट की थी कि, 26 नबंवर को सरकारी अस्पताल के सामने मैने अपनी मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी67 एमडी0260 को खडी करके सरकारी अस्पताल में इलाज कराने चला गया था। कुछ देर बाद जब मैं अस्पताल से बाहर आया देखा तो कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी बाईक चोरी कर ले गया था। फिर मैंने गाडी को कई जगह पर तलाश की कोई पता नही चला, जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया था। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने आरोपीगण समीर खां उर्फ टीपू बिलायती पुत्र अब्दुल समद खान निवासी गणेश मोहल्ला अशोकनगर, अभिषेक पुत्र काशीराम अहिरवार आयु 20 साल निवासी रेलवे फाटक के पास पिपरई एवं मुस्ताक मेहबूब खान आयु 30 साल निवासी चिकमंगलूर चैराहा पिपरई को जेबीएस कालोनी अशोकनगर के पास से



चोरी की गई मोटरसाईकल एमपी67 एमडी0260 सहित रंगे हाथो पकडकर मोटरसाईकल को जप्त कर आरोपीगण को हिरासत में लेकर पूछ ताछ की गई।

पूछताछ करने पर तीनों आरोपीगण ने बताया कि बताया कि उन्होंने आठ मोटरसाईकल और चंदेरी क्षेत्र, विदिशा, भोपाल, गुना तरफ से चोरी की थी जो विदिशा रोड पावरहाउस के पास खंडहर में छुपाना बताया। आरोपीगण से उक्त चोरी गई मोटरसाईकले बरामद कर आरोपीगण को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। जो बाईक पुलिस ने बरामद की है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान, उनि. मनीष गुर्जर, सउनि. सफायत खान, प्रआर. दिनेश कुशवाह, प्रआर. दिलीप रजक, प्रआर. भागीरथ, आर. गौरब रघुवंशी, आर. अभयराज, आर. निशांत छारी आदि की रही भूमिका।

## 10 दिसंबर से नईसराय में नौ दिवसीय श्रीराम कथा होगी




**अशोकनगर।** 10 दिसंबर से नईसराय में नौ दिवसीय श्री राम कथा होगी। ग्राम डूंगासरा महाकाल धाम मंदिर पर मानस मंथन मंडल द्वारा रखे गए कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों को अंतर्राष्ट्रीय धर्मचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने भाग लिया। उन्होंने रामचरित मानस पर व्याख्यान करते हुए कहा कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ रामचरित मानस है जो आज जीवन जीने की कला सिखाता है और पारिवारिक संबंधों में एकता लाने के लिए प्रेरित करता है एवं त्यागी की परिभाषा को भाषित करता है। श्रीराम और भरत एक दूसरे को अयोध्या जैसे राज्य का परित्याग कर देते हैं। वहीं राम अपने पिता दशरथ की आज्ञा का पालन करते हुए अयोध्या जैसे राज्य का परित्याग कर वन को चले जाते हैं। जहां पर उन्होंने दीन हीन जीवन को अपनाया और आताताई राक्षसों का सर्वनाश किया। श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या में आकर राज्य सिंहासन पर बैठकर राज्य किया। जब तक राजा प्रजा के बीच में जाकर उनके दुख और परेशानियों को नहीं समझेगा सही मानने में राज्य का संचालन नहीं कर सकता। रामचरित मानस शिक्षा प्रद ग्रंथ है जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है। मानस मंथन मंडल द्वारा 5 वर्ष से रामचरितमानस पर विचार संगोष्ठी कार्यक्रम अनवरत चल रहा है। आज दिनांक 30 नवंबर को महाकाल धाम मंदिर पर संगोष्ठी रखी गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शुरुआत में रामचरितमानस का पाठ किया गया।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**अशोकनगर।** सांसद खेल महोत्सव खेल आयोजन वर्ष 2025 अशोकनगर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार एवं आदित्य सिंह कलेक्टर अशोकनगर के मार्गदर्शन में 28 नवंबर से सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन पंचायत स्तर पर कराए जा रहे हैं।

इस आयोजन के अंतर्गत समस्त पंचायत स्तर पर प्रथम दिवस 28 नबंवर को कबड्डी खो-खो एवं वॉलीबॉल खेल आयोजन, दूसरे दिवस 29 नबंवर को रस्साकसी, गिल्ली डंडा, सितोलिया, अष्टाचंगा, चपेटा आदि खेलों के आयोजन कराए गए थे। वहीं आयोजन के तृतीय दिवस 30 नबंवर को एथलेटिक्स खेलों के अंतर्गत दौड़, गोला फेक, लंबी कूद आदि खेलों के आयोजन संपन्न कराए गए।



हायर सेकेंडरी स्कूल तूमैन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर, मॉडल स्कूल मुंगावली, शासकीय हाई स्कूल राजपुर, शासकीय हाई स्कूल खिरिया देवत सहित जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत के खिलाड़ियों ने सांसद खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लेकर खेल आयोजन में सहभागिता की।

पंचायत स्तर पर विजय टीमें एवं खिलाड़ी अब द्वितीय चरण के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव जो कि दिनांक 8.12.2025 से प्रारंभ होंगे में सहभागिता करेंगे। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी होने वाली टीम एवं खिलाड़ी जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव वर्ष 2025 में सहभागिता कर अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। पंचायत स्तरीय खेल आयोजन में समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त संस्था प्राचार्य के द्वारा खेल शिक्षकों/शिक्षकों के सहयोग से खेल प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। वहीं पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

### थूवोन जी में धर्मसभा को सुनने के लिए भक्तों की उमड़ रही है भीड़

# सैनिकों के कारण ही आज हमारा देश सुरक्षित है: सुधासागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रिषभ देव ने सैनिक को तलवार दी और साधु को पिच्छिका दी। यदि सैनिक को पिच्छिका दे दी होती तो आप जो घर में बैठकर धर्म ध्यान कर रहे हैं, व्यापार, खेती बाड़ी के साथ ठाट से रह रहे यह संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि जैन दर्शन का अनेकांत तुम्हारी अवस्था को देखता है अवस्था क्या है न पिच्छिका धर्म है न तलवार धर्म है अवस्था के अनुसार व्यवस्था की जायेगी। दुश्मन को पिच्छिका से नहीं रोका जा सकता दुश्मन को रोकने के लिए सैनिक के हाथ में बंदूक दी गई तभी तुम आज मन्दिरो में बैठ कर धर्म कर रहे हो। इसमें सीमा पर तैनात सैनिकों का बड़ा योगदान है। आपको महसूस नहीं हो रहा। पहले जब राज तंत्र था तो राजा के समाप्त होते ही धर्म भी समाप्त हो जाता था कभी कभी मारना भी धर्म होता है। क्योंकि सैनिक के कारण देश सुरक्षित है।

### यह निश्चित करना पड़ेगा तुम कौनहो तुम्हारी अवस्था क्या है

उन्होंने कहा कि तुम कौन हो तुम्हारी अवस्था





क्या है जब भी कोई शुभ कार्य होता है तो दीप प्रज्जवलन से शुभारंभ किया जाता है तुम दीप प्रज्जवलन को शुभ मानते हों। लेकिन मुनिराज से तुमने आज तक पांच महीने एक बार भी दीप प्रज्जवलन नहीं कराया। मंत्री आ गये, कलेक्टर, एसपी आ गये तो सब लोग उनसे दीप प्रज्जवलन कराते हैं। हम तो सबसे बड़े अतिथि है लेकिन एक भी दिन मुझ से दीप प्रज्ज्वलित नहीं कराया। अवस्था के अनुसार व्यवस्था बनाना है। हम मुनि है हम दीप नहीं जला सकते आपको क्रोध करने की छूट है आपको हिंसा करने की छूट है लेकिन आप कौन हो तुम सैनिक हो दिन भर सीमा पर सैनिक बंदूक लिए बैठा है फिर भी सैनिक को हिंसक नहीं कहा गया। वल्कि शहीद व राष्ट्र भक्त के नाम से जाना जाता है। हिंसा में भी धर्म मुनि महाराज से एक चींटी मर गई तो महापाप लगने के कारण प्रायश्चित लेना होगा यही अनेकांत दर्शन हैं।

### मन्दिर में आप गंदगी करेंगे तो पाप लगेगा, पक्षी बीट करें तो कुछ नहीं

उन्होंने कहा कि अवस्था के अनुसार व्यवस्था बनाओ मन्दिर में गंदे काम करेंगे तो उसको पाप लगेगा। वहीं कार्य पशु पक्षियों के करने पर पाप नहीं लगता। पक्षी मन्दिर में बीट कर देते हैं उन्हें कोई पाप नहीं लगता लेकिन यदि आप ने गंदगी कर दी तो महा दोष लगेगा। प्रातःकाल की वेला मन्दिर जाने की है, जिस समय आपको पूजा अर्चना करना हैं उस समय दूसरा काम करोगे तो उसमें सफलता नहीं मिलेगी। यदि सफल होना है तो समय को जिसे आप काल कहते हैं उसे सिद्ध करना होगा।

### आप आर्य हो आप भारतीय हो तो आपको काल का ज्ञान होना चाहिये

उन्होंने कहा कि किस समय कौन सा काम करना है आप आर्य हो आप भारतीय हो तो आपको काल का ज्ञान होना चाहिये। कालातीचार एक बड़ा अतिचार है। किसान का खेत है बीज भी वही है यदि सही समय पर बीज का वपन समय पर नहीं किया तो फ़सल नहीं आयेगी। समय पर बीज को बोने पर फसल मिलेगी इसलिए काल का ज्ञान होना चाहिये। इससे भी काम नहीं चलेगा आप कौन हैं आप मनुष्य है धार्मिक दृष्टि नहीं है आपको मानव पर्याय मिलीं है तो आपके क्या कर्तव्य है फिर आपकी अवस्था क्या है।

### युवा वर्ग व समन्वय ग्रुप का सम्मान किया गया

क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के आगमन से पहले चक्रवर्ती यात्रा से ही श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग यहां सुशाव्द भोजन की व्यवस्था के साथ आतिथ्य सत्कार में लगा है। वहीं समन्वय ग्रुप के साथियों ने शिलान्यास समारोह व शुद्ध भोजन व्यवस्था की दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी आपकी सेवाओ से अभिभूत हो कर आपका अभिनन्दन कर रही हैं। इस दौरान दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा सहित अन्य प्रमुख जनों ने जैन युवा वर्ग व समन्वय ग्रुप के सभी कार्यकर्ताओं का पीत वस्त्र पगड़ी मालाओं से स्वागत किया कर सम्मान किया।

### बिजली विभाग के खिलाफ पैदल विरोध यात्रा निकाली जाएगी

**अशोकनगर।** बिजली बिलों में हो रही अनियमितताओं और उपभोक्ता समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अशोकनगर से भोपाल तक एक पैदल विरोध यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा दोपहर 12:00 बजे अशोकनगर कॉलेज के सामने स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होगी। विरोध यात्रा का उद्देश्य बिजली विभाग द्वारा हो रही लापरवाहियों, मनमानी बिलिंग, और उपभोक्ताओं की अनसुनी शिकायतों के खिलाफ आवाज उठाना है। आयोजकों का कहना है कि यह यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण होगी और जनता के अधिकारों को सरकार तक पहुँचाने का प्रयास करेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों से समर्थन जुटाया जाएगा तथा समस्याओं को दस्तावेज़ रूप में संकलित कर भोपाल में संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि इस लोकतांत्रिक आंदोलन में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करें।

### आयोग ने पूर्व में 4 दिसंबर निर्धारित की थी एसआईआर पूर्णता की डेडलाइन

# एसआईआर की अंतिम तिथि बढ़ी अब 11 दिसंबर तक चलेगा कार्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

देश के 12 राज्यों में चल रहे मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को निपटाने की अंतिम तिथि निर्वाचन आयोग ने बढ़ा दी है। आयोग ने पूर्व में एसआईआर कार्य पूर्णता की डेडलादन 04 दिसंबर निर्धारित की थी जिसे सात दिवस और बढ़ाते हुए 11 दिसंबर कर दिया गया है। जिला निवार्चन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 04 नवंबर से शुरू हुए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य की तिथि 04 दिसंबर निर्धारित की गई थी। रविवार को आयोग ने संशोधित कार्यक्रम जारी करते हुए एसआईआर की तिथि में सात दिन की बढ़ोतरी की है। हालांकि, इसके बाद आगे तिथि बढ़ाए जाने की संभावना बिल्कुल नगण्य है।

दरअसल, राजगढ़ जिले समेत प्रदेश के अन्य जिलों में उक्त कार्य 4 दिसंबर तक पूरी तरह से निपटाना मुश्किल जैसा हो रहा था। ऐसे में एसआईआर की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया गया है। इसके साथ मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट, दावा-आपत्ति, सुनवाई, अंतिम सूची जारी करने की तारीखें भी आगे बढ़ाई गई हैं।

#### नए संशोधन के तहत जानिए, कब क्या होगा

| गतिविधियां | पुरानी तारीख | नई तारीख |
|---|---|---|
| एसआईआर पूर्णता | 04 दिसंबर | 11 दिसंबर |
| ड्राफ्ट सूची | 09 दिसंबर | 16 दिसंबर |
| दावा-आपत्ति | 09 दिसंबर से 8 जनवरी | 16 दिसंबर से 15 जनवरी |
| सुनवाई व सत्यापन | 09 दिसंबर से 31 जनवरी | 15 दिसंबर से 07 फरवरी |
| फाइनल सूची जारी | 07 फरवरी | 14 फरवरी |

#### जिले में अब तक 92.50 प्रतिशत कार्य पूर्ण

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की बात करें तो कल रविवार शाम 4 बजे तक की स्थिति में लगभग 92.51 फीसदी मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका था। जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं में से 10 लाख 89 हजार 902 मतदाताओं के फार्म्स डिजिटाईज्ड किए जा चुके हैं। अब चूंकि, निवार्चन आयोग ने एसआईआर की पूर्व में निर्धारित डेडलाइन में 07 दिवस की बढ़ोतरी और कर दी है ऐसे में पूरी संभावना है कि निर्धारित दिनांक 11 दिसंबर तक जिले में एसआईआर का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो सकता है।

#### लगभग 15 हजार मृतक आ चुके हैं सामने

मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य में अगर जिले की पांचों विधानसभाओं की बात करें तो अभी तक करीब 15 हजार ऐसे व्यक्तियों के नाम सामने आ चुके हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है परन्तु उनके नाम वोटर लिस्ट में जुड़े हुए थे। इसके साथ ही शिफ्टिेड व अन्य फर्जी वोटरों वाला आंकड़ा अलग है। आगामी दिनों में निवार्चन विभाग द्वारा पूरी स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

# अवैध रूप से संचालित दूध केंद्र का संकलन बंद



**सारंगपुर।** शनिवार को सारंगपुर शहर एवं पचोर क्षेत्र में खाद्य अधिकारी शिवराज पावक ने कार्रवाई की। जांच दल ने विभिन्न खाद्य दुकानों तथा दूध संकलन केन्द्रों का निरीक्षण कर नियमानुसार दस्तावेजों एवं स्वच्छता मानकों की पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान पचोर में स्थित भगवती ट्रेडर्स से खारक किशमिश के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए। नमूनों को विधिक विश्लेषण प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में सारंगपुर के गोपालपुर स्थित काननखेड़ी दूध संकलन केंद्र पर निरीक्षण किया गया, जहां प्रतिदिन 1000 लीटर से अधिक दूध का संकलन पाया गया। मौके पर संकलन प्रभारी अंकित पटेल एवं राजेश सोंधिया द्वारा आवश्यक खाद्य एवं दुग्ध संकलन लाइसेंस प्रदर्शित नहीं किए जा सके। लाइसेंस विहीन रूप से संकलन होने पर कार्रवाई करते हुए अग्रिम आदेश तक दूध संकलन रोकने के निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र में संचालित गोपाल दूध डेयरी से मिक्स मिल्क का नमूना, तथा रंगैरवाडी स्थित प्रेमचंद सागरमल किराना दुकान पर निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं दस्तावेजों की जांच की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिले में निरीक्षण व नमूना लेने की कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी। सभी व्यवसाय संचालकों से नियमानुसार लाइसेंस, स्वच्छता मानक एवं लेबलिंग अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## कार्डियो पलमोनरी रिससिटेशन विषयों पर कार्यशाला आयोजित




**ब्यावरा।** इंदौर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सिद्धांत जैन द्वारा ब्यावरा के एक निजी होटल में राजगढ़ जिले के सरकारी और प्राइवेट डॉक्टरों को कार्डियो पलमोनरी रिससिटेशन आदि विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई एवं प्रशिक्षित किया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। चिकित्सकों में डॉ राजेंद्र कठेरिया डॉक्टर राकेश गुप्ता डॉक्टर साहू डॉ प्रियंका यादव डॉ कमल दांगी डॉ योगेश डांगी डॉ अमित कोहली डॉक्टर देवाशीष डॉक्टर शाक्य एवं अन्य चिकित्सक और अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सीपीआर प्रशिक्षण प्रतिवर्ष पूरे मध्य प्रदेश में डॉक्टर के द्वारा शासन के निर्देशानुसार पुलिस विभाग के लिए भी आयोजित किया जाता है जिसका उद्देश्य हृदय गति रुकने पर अचानक से जटिल स्थिति निर्मित होती है तब मुंह से सांस देकर एवं हृदय की मसाज कर कैसे जान बचाए जा सके, इस बात का प्रशिक्षण होता है।

# महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा**

शासकीय महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान को व्यवस्थित एवं खेल सामग्री संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। खिलाड़ियों ने बताया कि जिले का एक मात्र कॉलेज का खेल मैदान जिसमें बारह महीने खिलाड़ी खेल का अभ्यास एवं आर्मी, पुलिस की तैयारी करते हैं। साथ खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। कॉलेज द्वारा मैदान की अनदेखी के कारण मैदान उबड़-खाबड़ हो रहा है। कॉलेज में अध्ययनरत खिलाडियों को परेशानी उठाना पड रही है, लेकिन खेल मैदान सही नहीं होने व खेल सामग्री के अभाव में खिलाडी अपनी प्रतिभा का खुले मन से प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं।

खिलाड़ियों ने बताया कि महाविद्यालय स्तर की चल रही खेल प्रतियोगिता शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय में आयोजित की गई। जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्यावरा महाविद्यालय की टीम को ना तो किट प्रदान की ना ही भत्ता दिया। ऐसा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भी हुआ, जो खिलाडियों दिया जाता है।

ब्यावरा महाविद्यालय द्वारा सभी खिलाड़ियों को किट शूज भत्ता दिए जाने थे जो नहीं दिए गए। महाविद्यालय के खेल मैदान को शीघ्र ही व्यवस्थित किया जाए, एथलीट और लॉन्ग जंप एवं हाई जंप ट्रैक तैयार करने, मैदान पर लाइट लगवाने एवं अन्य खेल सामग्रीय निरंतर खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया जाए जिससे खिलाड़ी अपना अभ्यास निरंतर रख सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र शक्ति दुर्गेश दांगी, हर्ष परमार, नैतिक, संजू, मनीषा दांगी, लक्ष्मी मेवाड, निकिता सोधिया, रमन दांगी, कुणाल चौहान, विकास चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

### लगातार सामने आ रहे एयर वाल्वों में छेड़छाड़ करने के मामले

# पेयजल चोरी कर सिंचाई में उसका उपयोग कर रहे ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

हर घर, नल से जल पहुंचाने की शासन की महती योजना को अज्ञात ग्रामीणजन ही पलीता लगा रहे हैं। मोहनपुरा सिंचाई की नहरों के वाल्वों के साथ अब जल जीवन मिशन की पाइप लाइनों के एयर वाल्वों में भी छेड़छाड़ कर पेयजल चुराते हुए उसका उपयोग सिंचाई के लिए किया जा रहा है।

रात्रि में की जा रही इस चोरी की सूचना के बाद जब विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पेयजल चोरी करने में लोग भाग खड़े हुए। जानकारी के अनुसार मोहनपुरा परियोजना के तहत ज्वालापुरा एमबीआर से जाने वाली 300 एमएम की पाइप लाइन का ऐयरवाल्व बोरकापानी गांव में हनुमान मंदिर के समीप लगा हुआ है। रात्रि के समय अज्ञात लोगों द्वारा पेयजल लाइन के इस एयर वाल्व में छेड़छाड़ कर उसमें पाइप लगाते हुए खेतों में सिंचाई का पानी पहुंचाया जाने की शिकायत जल निगम की टीम को मिली। टीम के मौके पर पहुंचने पर पेयजल चुराने वाले अज्ञात लोग मौके से भाग निकले।



#### खेतों में जाएगा पानी तो कैसे चलेंगे नल

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा परियोजना की पाइप लाइनों से छेड़छाड़ का यह कोई नया मामला नहीं है। इसके पूर्व भी वाल्वों, लाईनों में छेड़छाड़ करने की बातें सामने आ चुकी हैं। पेयजल का पानी सिंचाई में उपयोग करने से आसपास निर्मित पानी की टंकियां नहीं भरा पाती हैं और पेयजल सप्लाई बाधित होती है। विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ऐसा करने वालों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## बौद्धिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं का पंचम चरण संपन्न हुआ



**पचोर।** स्थानीय शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक बौद्धिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का पंचम चरण संपन्न हुआ। छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सीनियर, जूनियर, सब जूनियर ग्रुप की रस्साकशी, 100 मीटर दौड, नींबू दौड बैडमिंटन एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न हुई। सीनियर ग्रुप की रस्सा कसी प्रतियोगिता में योगिता डाबी, नेहा नागर, रुक्मणी गुर्जर, भावना रुहेला, पूर्ति राजपूत, दीपिका किराड कशिश नागर, निशा जायसवाल, सुमन प्रजापति, लक्ष्मी रुहेला और जया पांडेय की टीम विजेता रही। इसी प्रकार छात्रा रामकन्या किराड रेणुका रेवारी, नीतू राजपूत, अश्विनी नागर, संजना मालवीय, संजना जायसवाल, कविता वर्मा, रिया जायसवाल, राधिका वैष्णव, प्रगति शर्मा और कंगना गुर्जर की टीम उपविजेता रही। रस्साकसी में बालकों की प्रतियोगिता में छात्र विशाल गुर्जर, गोविंद, गोवर्धन, मनीष, हरिओम, निलेश, अमन, अमन जयसवाल, अरुण कुंभकार व आयुष पांडे की टीम विजेता रही।

### अवैध रेत उत्खनन पर उठे सवाल, पुलिस प्रशासन अनजान

# रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़**



रविवार सुबह करीब सात बजे ग्राम बरोडी स्थित पुलिया के समीप रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ड्राइवर की मौत हो गई। वाहन पार्वती नदी के समीप ग्राम सुंडी से रेत लेकर नरसिंहगढ़ की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि अचानक ब्रेक फेल होने से ट्रॉली पुलिया पर से पलट गई और चालक मुकेश पिता देवचंद धनगर, उम्र 40 वर्ष, निवासी बलवटपुरा ट्रॉली के नीचे दब गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। जहां पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त सो ना लि का ट्रैक्टर-ट्रॉली अनवर पिता मुख्तार अंसारी, निवासी नरसिंहगढ़ की बताई जा रही है।

#### बांध क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद जारी अवैध उत्खनन

जानकारी के अनुसार रेसई बांध परियोजना क्षेत्र में वर्ष 2017-18 से रेत उत्खनन पूर्णतरू प्रतिबंधित है। इसके बावजूद रात के समय पार्वती नदी किनारे ग्राम सुंडी में अवैध रेत उत्खनन लगातार हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रविवार की घटना में जिस रेत से भरी ट्रॉली ने चालक की जान ली, वह भी इसी क्षेत्र से भरी जा रही थी। घटना स्थल देवगढ चौकी क्षेत्र में आता है, लेकिन पुलिस व खनिज विभाग इस अवैध गतिविधि से अनजान बने हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मिलीभगत से क्षेत्र में जमकर खनन चल रहा है। रात भर रेत की ट्रालियां दौड़ती है। लेकिन मामले में अभी तक कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिली है।

## अभा विद्यार्थी परिषद का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून में आयोजित



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून में सम्पन्न हुआ। देशभर से आए हजारों छात्र प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न इस आयोजन में कई महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए तथा संगठन के भावी कार्यों की रूपरेखा तय की गई। अधिवेशन का विशेष आकर्षण रहा राजगढ़ विभाग संयोजक अमन व्यास का राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी के लिए चयन। परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में युवा नेतृत्व के रूप में उनका चयन न केवल राजगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि आंदोलन और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए भी महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। व्यास लंबे समय से विद्यार्थी परिषद की विभिन्न इकाइयों में महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हुए सक्रिय रहे हैं। छात्र हित, शिक्षा सुधार एवं सामाजिक जागरूकता के मुद्दों पर उनके योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है। अधिवेशन में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। अमन व्यास ने विश्वास दिलाया कि वे छात्र हितों को सर्वोपरि रखते हुए संगठन के कार्यों को और अधिक ऊर्जा तथा प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाएंगे।

### 25 वर्षों तक कालीपीठ स्कूल में पदस्थ रहकर हुईं सेवानिवृत्त

# सेवानिवृत्त शिक्षिका के सम्मान में ग्रामीणों ने निकाला जुलूस



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

कई वर्षों तक कालीपीठ स्कूल में पदस्थ रहकर कल रिटायर्ड हुईं राजगढ़ निवासी शिक्षिका शीला शर्मा के सम्मान में स्कूल के विद्यार्थियों, ग्रामीणों व स्टाफजनों ने गांव में जुलूस निकालते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। बैंड-बाजे के साथ निकाले गए जुलूस में स्कूल के विद्यार्थी सहित अन्य नाचते-गाते हुए शामिल हुए। आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती शर्मा कुछ पलों के भावुक भी हो उठीं। इस दौरान स्कूल स्टाफ द्वारा उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि आपने अपने जीवनकाल में अनेकों बच्चों का भविष्य गढ़ा है। यह पल भावुकता के नहीं बल्कि खुशियां मनाने के हैं। आयोजित विदाई समारोह के दौरान श्रीमती शर्मा के परिजन भी उपस्तिथ रहे। विद्यालय एवं संकुल परिवार ने सेवाकाल के दौरान श्रीमती शर्मा के सहयोग, स्वच्छ छवि, पारदर्शी कार्यशैली पर अपने विचार व्यक्त किए।

#### शत-प्रतिशत परिणाम पर आयुक्त ने किया था सम्मानित

शिक्षा सत्र 2018-19 में हुई हाईस्कूल एवं हायरसेकन्ड्री की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम आने पर लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा श्रीमती शीला शर्मा को सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। विद्यालय परिवार, ग्रामीणों व अन्य ने श्रीमती शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सभी देवताओं के भी आराध्य निराकार ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव हैं : ब्रह्माकुमारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर**

नगर के खारिया मोहल्ला के श्रीराम मंदिर में चल रहे सप्त दिवसीय शिव ज्ञानामृत कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में प्रवचनकर्ता ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने परमात्मा शिव के सत्य ज्ञान को जिज्ञासुओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि परमात्मा शिव को सभी स्वीकार करते हैं। क्योंकि वो अजन्मा, निराकार, स्वयंभू हैं। उनके कोई माता-पिता अथवा गुरु नही है। क्योंकि जगतपिता का कोई पिता हो ऐसा संभव नहीं है। सभी गुरुओं के भी सद्गुरु सद्गतिदाता परमात्मा शिव ही है।

सभी धर्मों ने उन प्रकाश स्वरूप निराकार परमात्मा को स्वीकार किया है। वे सर्वोच्च, सर्वोपरि, सर्वज्ञ और सर्व गुणों में अनन्त हैं।

### दिवगंत बब्बल सक्सेना की स्मृति में नेत्र शिविर का किया आयोजन

# एक ही परिवार के 13 सदस्यों ने लिया नेत्रदान का संकल्प



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़**

अपने जीवनकाल में करीब आधा सैकड़ा से अधिक बार रक्तदान कर चुके मेन मार्केट निवासी राजेश सक्सेना उर्फ बब्बल का गत दिवस निधन हुआ था। स्टार मित्र मंडल एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में स्व. बब्बल की स्मृति में रविवार को स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में नेत्र शिविर का आयोजन करवाया गया।

शिविर के दौरान स्व. सक्सेना के ही परिवार के छोटे-बड़े 13 सदस्यों ने नेत्रदान का संकल्प लिया है। श्री सद्गुरू सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस शिविर में करीब 300 से अधिक लोगों का आई चेकअप किया गया जिनमें से 40 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्टार मित्र मंडल पूर्व से इस तरह नेत्र शिविरों का आयोजन करवाता आ रहा है।

#### इन्होंने लिया नेत्रदान का संकल्प

नेत्रदान का संकल्प लेने वालों में राकेश सक्सेना, अश्विनी सक्सेना, श्रृद्धा सक्सेना, सुषमा सक्सेना, संध्या पारीक, दिनेश पारीक, अमरेश सक्सेना, लक्की सक्सेना, द्विता सक्सेना, तन्मय सक्सेना, पंखुरी सक्सेना, वर्तिका सक्सेना शामिल हैं।

#### आज रक्तदान शिविर का भी आयोजन

सोमवार को स्व. सक्सेना की पगड़ी रस्म के दौरान जहां हवन, शांति, प्रसादी वितरण होगा। वहीं आयोजन स्थल मेड़तवाल धर्मशाला परिसर में रक्तदान शिविर भी आयोजित होगा। इसके लिए जिला अस्पताल का चलित ब्लड डोनेशन वाहन पहुंचेगा और वहीं इच्छुकों द्वारा रक्तदान किया जाएगा।